भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : *127
उत्तर देने की तारीख : गुरूवार, 31 जुलाई, 2025
9 श्रावण, 1947 (शक)

लौह युग से संबंधित नई खोज

*127. **श्री एस. कल्याणसुन्दरम :**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि तमिलनाडु राज्य के पुरातत्व विभाग द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन से पता चला है कि लौह युग की शुरूआत बहुत पहले 3,345 ईसा पूर्व से ही हो गई थी;

(ख) यदि हां, तो सरकार इस महत्वपूर्ण खोज को आधिकारिक रूप से मान्यता देने और इसे अनदेखा न करने के लिए क्या कदम उठाएगी;

(ग) क्या केंद्र सरकार इन खोजों के भावी अनुसंधान, संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए तमिलनाडु को समर्पित निधि आवंटित करेगी, आवंटित की जाने वाली प्रस्तावित निधियों का ब्यौरा है; और

(घ) सरकार किस प्रकार यह सुनिश्चित करेगी कि उक्त ऐतिहासिक खोज को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर उचित महत्व मिले, जिससे भारत में प्रारंभिक लौह उपयोग के बारे में हमारी धारणा में परिवर्तन आए?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लौह युग से संबंधित नई खोज के बारे में श्री एस. कल्याणसुन्दरम, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए राज्यसभा में दिनांक 31.07.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 127 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): इस स्थल पर किए गए उत्खनन संबंधी रिपोर्ट प्रकाशित/भारत सरकार को प्रस्तुत नहीं की गई है।

(ग): राज्य सरकारों द्वारा किए गए उत्खनन का वित्तपोषण संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

(घ): उत्खनन रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत नहीं की गई है। इसके अलावा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अपने पुरातत्व अधिकारियों को इस क्षेत्र में और अधिक सुव्यवस्थित अनुसंधान करने के निर्देश जारी किए हैं।

*****